by E-mail
Email ID- cdupjn_amroha@yahoo.com

# कार्यालय

## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

मौहल्ला सिरसागढ़ पड़की, बम्बूगढ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय वाई पास रोड, अमरोहा-244221

पत्रांक 2200 / न्यूज कटिंग / 87 दिनांक 15–05–2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अमरोहा।

विषयः– **जनपद अमरोहा के दैनिक समाचार पत्र (दिनांक 14.05.2026) में अमर उजाला में प्रसारित न्यूज के संबंध में।**


महोदय,


उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला (14.05.2026) में प्रसारित न्यूज अधोहस्ताक्षरी को व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त हुयी है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है–

अद्यतन आख्या निम्नानुसार है–

| हैड लाइन | आख्या |
|---|---|
| (1)"158.11 लाख रूपये खर्च फिर भी हैंडपंप पर निर्भर विद्यार्थियों संग लोग" | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 495 नग पेयजल योजनाओं (राजस्व ग्राम 884) में 884 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 676 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br><br>➢ 493 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 200 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ जनपद में औसतन 95.56 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को स्थाई रूप से पुर्नस्थापित कर दिया जाता है।<br><br>➢ **खाद गुर्जर पेयजल योजना वि0ख0 गजरौला** के कार्य मैसर्स–पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद द्वारा कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय व पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, पाइप लाइन का कार्य 4.32 कि0मी0 के सापेक्ष 4.32 कि0मी0 पूर्ण, गृह जल संयोजन का कार्य 354 नग के सापेक्ष 354 नग पूर्ण एवं रास्तों की पूर्व में मरम्मत करा दी गई। वर्तमान में उक्त पेयजल योजना पर निर्धारित समय अनुसार ग्राम में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। |

Scanned with CamScanner




भवदीय

(चन्द्रहास)

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।

2– अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।

3– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद अमरोहा।

4– जिला सूचना अधिकारी, अमरोहा।

5– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0।

6– मैसर्स–पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ कि उक्त पेयजल योजना पर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner

# 158.11 लाख रुपये खर्च फिर भी हैंडपंप पर निर्भर विद्यार्थियों संग लोग



Vimal Sharma
Updated Thu, 14 May 2026 07:30 PM IST




जल जीवन मिशन के तहत हर घर पानी पहुंचाने के लिए 158.11 लाख रुपये खर्च होने के बाद भी खाद गुर्जर गांव के लोगों को पानी नहीं मिल रहा। ग्रामीणों संग गांव स्थित किसान आदर्श इंटर कॉलेज के विद्यार्थी और शिक्षक-शिक्षिकाएं भी हैंडपंप से पानी पीने को मजबूर हैं। ब्लॉक की ग्राम पंचायत खाद गुर्जर में पेयजल आपूर्ति के लिए किसान आदर्श इंटर कॉलेज के निकट ओवरहेड टैंक बनाया गया। गांव की हरेक गली की पक्की सड़क को तोड़कर पाइप लाइन बिछाई। इसके अलावा कॉलेज में भी पाइप लाइन डाली गई। इस पर जल जीवन मिशन ने 158.11 लाख रुपये खर्च किए। मगर इसके बावजूद न तो गांव के लोगों को पानी मिल रहा और न ही कॉलेज के स्टाफ और विद्यार्थियों की प्यास बुझ रही है। लोग अपने संसाधनों से प्यास बुझा रहे हैं।

Scanned with CamScanner